पत्रांक:वि0प्र0/डी0सी0ओ0-यू0पी0/ए- 5188

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
कार्यालय निदेशक जनगणना कार्य, उत्तर प्रदेश
(विविध प्रशासन अनुभाग)

जनगणना भवन प्लाट सं0सीसी-।
सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ 226024
दिनांक: मार्च 10 , 2014 .

-:: विज्ञप्ति ::-

जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा 16 इंच×12 इंच बैग के क्रय हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं । इच्छुक निविदा दाता अपनी निविदा दिनांक 19.3.2014 शांय तीन बजे तक जनगणना कार्य निदेशालय उ0प्र0 प्लाट सं0सीसी-। सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से भेज सकते हैं । निविदा फार्म जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ से रू0 100=00 मात्र नकद अथवा रेखांकित बैंक ड्राफ्ट (आहरण एवं वितरण अधिकारी, जनगणना कार्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष में देय) जमा करके दिनांक 18.3.2014 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 9=30बजे से 1=00 बजे तक एवं 1=30 बजे से शांय 6=00 बजे तक प्राप्त किया जा सकता है । निविदा शुल्क किसी भी दशा में वापस नही होगा । निविदा फार्म वेबसाइट संख्या www.censusindia.gov.in (Tender) से भी डाउन लोड किया जा सकता है ।

संयुक्त निदेशक

दूरभाष संख्या 2322913, 2322914
फैक्स : 2331211

पत्रांक:वि0प्र0/डी0सी0ओ0-यू0पी0/ए- 5189

भारत सरकार
गृह मंत्रालय
कार्यालय निदेशक जनगणना कार्य, उत्तर प्रदेश
(विविध प्रशासन अनुभाग)

जनगणना भवन प्लाट नं.सीसी-1
सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ 226024
दिनांक: मार्च 10 , 2015 .

-:: निविदा आमंत्रण ::-

अवगत कराना है कि जनगणना कार्य निदेशालय, उ0प्र0 प्लाट सं0 सीसी-1 सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ में 500 अदद गुड क्वालिटी बैग जिनका साइज 16 इंच×12 इंच है, क्रय किये जाने हैं । इच्छुक निविदा दाता अपनी निविदा चिलम्तम दिनांक 19.3.2014 सांय तीन बजे तक संलग्न प्रारूप पर जनगणना कार्य निदेशालय , प्लाट सं0सीसी-1 सेक्टर जी अलीगंज लखनऊ में रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट/कोरियर के माध्यम से प्रेषित कर सकते हैं । निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त होने वाली निविदाये स्वीकार नही होंगी । निविदा के सम्बन्ध में नियम व शर्तें निम्नवत लागू रहेंगी :-

1. निविदा के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक द्वारा जारी बैंकर्स चेक/डिमाण्ड ड्राफ्ट/पे आर्डर/बैंक गारन्टी रू0 5000/- मात्र (जो आहरण एवं वितरण अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के पक्ष में देय हो) संलग्न करना अनिवार्य है ।
2. प्रथम न्यूनतम दर वाली फर्म की ई.एम.डी. कार्य पूर्ण होने तक जमा रहेगी तथा अन्य फर्मों के ई.एम.डी. क्यूनतम दर वाली फर्म को कार्यादेश जारी होने की तिथि तक जमा रहेगी ।
3. निविदा में दी गई दरें एक वर्ष के लिए मान्य रहेंगी ।
4. बैग की दरें अंकों एवं शब्दों में लिखनी होंगी ।
5. बैग का नमूना निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा ।
6. निविदा के साथ नवीनतम वाणिज्य कर/वैट/आयकर अदायगी प्रमाण पत्र की स्व प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा फर्म का टिन नं. एवं पैन कार्ड की फोटो कापी संलग्न करनी होगी ।
7. बैग पर मुद्रित किया जाने वाला मसौदा कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा । मसौदा मुद्रित किये जाने का अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा ।
8. निविदा दाता को जनगणना कार्य निदेशालय/केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/अर्द्ध सरकारी विभाग द्वारा काली सूची में न होने का स्व प्रमाणित प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा ।
9. ई.एम.डी. (अर्नेस्ट मनी) पर ब्याज अथा बैंक कमीशन का भुगतान कार्यालय द्वारा नही किया जावेगा ।
10. निविदा दिनांक 19.3.2014 को सांय 5:00 बजे निविदा दता अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष इस कार्यालय की क्रय समिति

द्वारा खाली जावेगी ।

11. निविदा फार्म किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 9=30 बजे से 1=00 बजे तथा अपराह्न 1=30 बजे से सायं 6=00 बजे तक निविदा शुल्क रू0 100=00 मात्र नकद जमा करके प्राप्त किया जा सकता है । अथवा रू0 100=0 मात्र का बैंक ड्राफ्ट जमा कर वेवसाइट से भी डाउन लोड किया जा सकता है ।

12. निविदा को मान्य/अमान्य अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के पास सुरक्षित होगा । तथा निविदा से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के वाद-विवाद में सक्षम अधिकारी जनगणना कार्य निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ का निर्णय अन्तिम होगा जो सभी निविदा दाताओं को मान्य होगा ।

8.3.14

(आर0एस0मीना)
उप निदेशक

निविदा का प्रारूप

निविदा संख्या वि0प्र0/डी0सी0ओ0-यू0पी0/ए- 5188 दिनांक 10.3.2014 के सन्दर्भ में बैग ‖16 इंच×12"‖ मुद्रण सहित दरें निम्नवत प्रस्तुत की जा रही हैं :-

	दरें अंकों में	दरें शब्दों में

जनगणना कार्य निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ द्वारा जारी निविदा संख्या वि0प्र0/डी0सी0ओ0-यू0पी0/ए- 5188 दिनांक 10.3.2014 में निर्धारित नियम एवं शर्तों से मैं सहमत हूँ । तथा निविदा दी गई विज्ञप्ति के अनुसार जमा की जा रही है ।

हस्ताक्षर .....

नाम .....

फर्म का नाम एवं पता मुहर सहित